कार्यालय - प्राचार्य, शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया
जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)
Website - chhuriacollege.com Email chhuriacollege@gmail.com Phone&Fax – 07745 – 299273
Accredited by NAAC with Grade "B"

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

आज दिनांक 21.06.2023 को शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया में संस्था सिरोमणी प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) के दिशा निर्देशन एवं एन.एस.एस. एवं एन.सी.सी. के तत्वाधान मे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन महाविद्यालय प्रांगण में रखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के तैलचित्र पर पूजा अर्चना के द्वारा किया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. एच.एस.भाटिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रतिवर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सम्पूर्ण विश्व में मनाया जाता है विश्व के सभी देश योग के महत्व को समझते हुए योग दिवस को मनाते है। योग करना शरीर एवं मस्तिष्क की सेहत के लिए लाभदायक है। योग शरीर को रोगमुक्त रखता है और मन को शांति भी प्रदान करता है। भारत में प्राचीन काल से ऋषि मुनियों द्वारा योग किया जाता है। योग भारतीय संस्कृति से जुड़ा हुआ है, जो अब विदेशों में भी फैल गया है। योग को विदेशों में प्रसारित करने का श्रेय हमारे योग गुरूओं को जाता है, जिन्होनें विदेशी जमीन पर योग की उपयोगिता और महत्व के बारे में बताया।

उद्बोधन की अगली कड़ी में NSS प्रभारी श्री नरेन्द्र कुमार उमरिया ने कहा कि 21 जून को योग दिवस इसलिए मनाया जाता है क्योंकि यह वर्ष का सबसे बड़ा दिन है और योग करने वाले व्यक्ति की उम्र बढ़ जाती है। योग के महत्व को सम्पूर्ण विश्व ने जाना एवं अपनाया है।

उद्बोधन की अगली कड़ी में महाविद्यालय के एनसीसी. प्रभारी श्रीमती दीपिका ध्रुवे ने कहा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने का उद्देश्य योग के महत्व को सम्पूर्ण विश्व में प्रसारित करना, एवं योग के द्वारा स्वयं अपने परिवार, समाज को स्वस्थ्य एवं सेहतमंद रखना है।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय एन.सी.सी. के समस्त कैडेट एवं एन.एस.एस. के स्वयं सेवक उपस्थित होकर योगासन के विभिन्न आसनों को सिखकर लाभान्वित हुए।

प्र. प्राचार्य